खुशखबर : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग बच्चों की टीम कर रहा तैयार

बच्चों के आइडिया होंगे साकार, प्रदेश भर में खुलेंगे 66 लॉन्च पैड

स्कूली बच्चों की बढ़ रही आइडिएशन ग्रोथ, यूनिसेफ के साथ देंगे स्टार्टअप की शक्ल, *1800 स्कूल के 30 हजार बच्चों को जोड़ रहे*

भवनेश गुप्ता
patrika.com

जयपुर . स्कूली बच्चों के आइडिया को सामने लाने और फिर उसे स्टार्टअप की शक्ल देने पर अब तेजी से काम होगा। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (डीओआईटी) यूनिसेफ के साथ मिलकर ऐसे बच्चों की टीम तैयार कर रहा है। इसके लिए प्रदेश के हर जिले में दो लॉन्च पैड (इन्क्यूबेशन सेंटर का छोटा रूप) खोले जाएंगे, यानि 66 लॉन्च पैड होंगे। यहां बच्चे अपने आइडिया को लॉन्च कर सकेंगे और डीओआईटी उसे स्टार्टअप की शक्ल देने के लिए सहयोग करेगा।

फिलहाल 1800 से ज्यादा स्कूलों के 30 हजार बच्चों को जोड़ने की मुहिम शुरू की गई है। प्रदेश में बच्चों की आइडिएशन ग्रोथ को देखते हुए यह निर्णय किया गया। डीओआईटी के संयुक्त निदेशक तपन कुमार के मुताबिक हर जिले में एक स्कूल और एक कॉलेज में लॉन्च पैड खोले जाएंगे।

इंटर कम्पीटिशन भी हों ताकि सामने आएं नए आइडिया

स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का कोर्स संचालित किया जा रहा है। ऐसे संस्थानों में इंटर कम्पीटिशन भी हों। इससे नए आइडिया सामने आएंगे, जिससे संस्थान सपोर्ट कर आगे बढ़ाए। जरूरत हो तो सरकारी सहयोग भी मिले।

वर्ष 2015 में लागू हुई राजस्थान में स्टार्टअप नीति

इन सेक्टर पर फोकस...

एजुकेशन, हेल्थकेयर, आईटी, फाइनेंस, फूड, ट्रेवल-टूरिज्म, मार्केटिंग, एयरोनॉटिक्स, एनिमेशन, ऑटोमोबाइल, खेल, सोशल, टेलीकम्यूनिकेशन, ट्रांसपोर्ट, पैट्स एण्ड एनिमल व अन्य।

आइडिया किस तरह बन सकता है स्टार्टअप

नवाचार वाले बच्चों को तराशेंगे, करेंगे हर जरूरी मदद

नवाचार में रुचि रखने वाले बच्चों को लॉन्च पैड में बताएंगे कि आइडिया किस तरह स्टार्टअप बन सकता है। यदि आपके पास कोई आइडिया है तो इन्क्यूबेशन सेंटर आप को गोद लेते हैं। आपके स्टार्टअप को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए जो भी जरूरी है, वह मदद की जाएगी। आर्थिक सहयोग भी शामिल है।

फिर बड़ों का मिलेगा साथ

प्रोजेक्ट पर काम करने के साथ-साथ बच्चों को बड़े स्टार्टअप्स के साथ जोड़ा जाएगा इसके लिए राजस्थान व दूसरे राज्यों की बड़ी स्टार्टअप कंपनियों में लेकर जाएंगे।

यहां करें पता सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के जयपुर कार्यालय के फोन नम्बर 0141-2922373, 2922286, 2929831 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं helpdesk.istart@rajasthan.gov.in के जरिए भी अपने आइडिए की सूचना दी जा सकती है।

पत्रिका ड्रीम स्टार्ट
नई शुरुआत...

भेजें स्टार्टअप आइडिया, सपनों को लगेंगे पंख

अपने सपनों को 'स्टार्ट' करने का इससे बेहतर मौका और कहां मिलेगा। राजस्थान पत्रिका भी दे रहा है यह अवसर। आप अपना स्टार्टअप आइडिया हमें भी भेज सकते हैं। इनमें से संभावना वाले स्टार्टअप आइडिया को सरकार तक पहुंचाने और उन्हें साकार कराने की कोशिश होगी। तो मत चूकिए यह मौका, तुरंत भेज दें अपना स्टार्टअप आइडिया।

8955003879
Jaipur@patrika.com

आपके पास आइडिया तो यहां करें आवेदन
https://istart.rajasthan.gov.in/school-startup